जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-3 | जयपुर, सोमवार, 19 जनवरी, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# सामाजिक सरोकार- मकर संक्रांति पर संस्कार सृजन संस्था ने जरूरतमंद लोगों को बांटे तिल के लड्डू





**जयपुर (हमारा वतन)**

मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव को समर्पित होता है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इसे धार्मिक दृष्टि से खास महत्व दिया गया है, ऐसा माना जाता है कि इस दिन दान करने से न केवल पुण्य मिलता है बल्कि यह हमारे पापों को भी नष्ट करता है। दान के जरिए व्यक्ति स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति प्राप्त कर सकता है । इसी कड़ी में 20 वर्षों से जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली चौमूं तहसील के सामोद रोड नीमड़ी, मोरीजा स्थित संस्कार सृजन संस्था द्वारा मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को तिल के लड्डू वितरित किए गए।

संस्था अध्यक्ष राम गोपाल सैनी ने बताया कि हमारी संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहती है। आज रावण गेट स्थित सुभाष सर्किल पर मौजूद जरूरतमंदों को तिल के लड्डू वितरित किए गए। लड्डू खाकर सभी के चेहरे पर मीठी मुस्कान फैल गई। प्राणी मात्र की सेवा के लिए हम सभी को तैयार रहना चाहिए। जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ और पुण्यतिथि सहित विशेष दिवस पर हमेशा सामाजिक सरोकार के कार्य करने चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो सके।

संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने बताया कि भगवान ने यह जीवन किसी विशेष उद्देश्य के लिए दिया है, इसलिए मानवता निभाते हुए सेवा के कार्य करने चाहिए। सभी धर्म में दान का विशेष महत्व बताया गया है, इसलिए अपनी श्रद्धा अनुसार दान जरूर करना चाहिए।

इस सेवा कार्य में संस्था उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, मंत्री दिनेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष सुमित्रा देवी माली, संरक्षक प्रभाती लाल सैनी, पत्रकार दिनेश कुमावत, डॉ. सीताराम कुमावत, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, प्रवीण कुमावत, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत, मोहन सैनी, कैलाश केशवा, विनोद काकोडिया, जगदीश केशवा, बाबूलाल काकोडिया, कैलाश मेहता, तुलसीराम डेनवाल, पप्पू मेहता, घनश्याम यादव, भगवान सहाय यादव, सुरेश पलसानिया, मदन सेरावत, प्रद्युम्न कुमार सैनी, मोहन सैनी, रामेश्वरी देवी, श्याम लाल सैनी, प्रहलाद सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, सुरेंद्र कुमार सैनी, किरण सैनी, कविता सैनी, कोमल सैनी, रजनीश सैनी, स्वाति सैनी, हार्दिक सैनी, भास्कर सैनी, स्मृति सैनी, सिद्धार्थ सैनी,विजयश्री सैनी सहित संस्था के सभी कार्यकर्ताओं और भामाशाहों का सहयोग रहा।


# अजय चौहान जोधपुर संभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**जालोर (हमारा वतन)।** संयुक्त मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांतिक कुमार दास एवं राष्ट्रीय प्रभारी आईपीएस हनुमान सहाय मीना के आदेशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष धनपाल मीना की सहमति से अजय चौहान को संभागीय अध्यक्ष,जोधपुर राजस्थान पद पर नियुक्ति किया गया है ।

अजय चौहान जोधपुर संभाग में एक अच्छी टीम बनाकर समाज सेवा एवं देश सेवा कार्य करके संगठन के नाम पूरे राजस्थान में रोशन करेंगे।

# प्राचीन कालीन मुसाण्या भैरव के लगा हलवा पकौड़ी का भोग



**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड स्थित प्राचीन कालीन मुसाण्या भैरव जी के मंदिर पर हर वर्ष की भांति हलवा पकौड़ी का भोग लगाकर प्रसादी बांटी गई।

छात्रेश्वर महाराज मंदिर के पुजारी राकेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर गजानंद महाराज , नगर परिषद के पूर्व पार्षद और श्री भैरव मंदिर समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह जोधा के द्वारा भैरव महाराज को हलवा पकौड़ी का भोग लगाया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, डिवाईएसपी के पद पर प्रमोट हुए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा का माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर, दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं वरिष्ठ एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा, व्यापार मंडल के पदाधिकारी मनीष कुमार गोयल को भी साफा बंधवाया गया।

उड़ीसा एंड पार्टी ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। हजारों लोगों ने प्रसादी प्राप्त की। कार्यक्रम में विकास मार्केट व्यापार मंडल की भागीदारी रही।

# 94.80 लाख रुपये की लागत से होंगे सड़कों के नवीनीकरण कार्य

**जयपुर (हमारा वतन)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के मुख्य अभियंता (सड़क) ने विधानसभा क्षेत्र चौमूं के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए 'अतिरिक्त सड़क मरम्मत कार्यक्रम' के तहत 94.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।



क्षेत्र के लिए 94.80 लाख रुपयों की स्वीकृति जारी करने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

मुख्य अभियंता द्वारा जारी आदेश के अनुसार तीन मुख्य ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। जिनमें एन एच-11 लोहरवाड़ा से मलिकपुर सड़क 2.00 किमी के लिए 40.00 लाख, हाथनोदा से भोपावास सड़क 1.45 किमी के लिए 29.00 लाख और हस्तेड़ा- कालाडेरा रोड से खन्नीपुरा सड़क 1.29 किमी के लिए 25.80 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सड़कों के नवीनीकरण के लिए 94.80 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। उक्त सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।



# शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी सभी को लेनी होगी- पर्यावरणविद् डॉ. सोनी

**ऋषिकेश (हमारा वतन)**



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र ऋषिकेश के स्वयंसेवियों ने नगर निगम के सहयोग से ऋषिकेश के मुख्य मार्गो पर कचरा मैन बनकर विशाल रैली निकालकार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जन को कूड़े के नुकसान के बारे में जागरूक किया।

ऋषिकेश नगर निगम के महापौर शंभू पासवान, नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल व वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में पहुंचे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने महापौर व नगर आयुक्त को उपहार स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट किया।

महापौर शंभू पासवान ने कहा हमको ऋषिकेश को स्वच्छ बनाने के लिए सबसे पहले कचरे से शहर को मुक्त करना होगा । वहीं नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने कहा कि आज पॉलिथीन एक महामारी के रूप में शहर में फैलती जा रही है ।

वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने रैली में शिरकत करते हुए बड़े उत्साह उमंग से बाजार में जन जन को स्वच्छता के लिए जागरूक किया और कहा स्वच्छता को हमे अपने आदतों में शुमार करना होगा तभी हम स्वच्छ प्रदेश को बना पाएंगे। डॉ. सोनी ने एनएसएस स्वयंसेवियों के साथ बालटी पकड़ कर स्वयं सफाई की और गंगा दर्शन पहुंचे त्रिवेणी घाट पर लोगो से स्वच्छ रखने की अपील की।

स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह रावत ने संकल्प लिया स्वच्छता के प्रति मैं निरंतर जन चेतना फैलाने का कार्य करूंगा। मनोज कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवियों से घर से ही जन जन को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में बंशीधर पोखरियाल, माधुरी रावत, डॉ.विनय बौड़ाई ,प्रांजल शर्मा, हरिओम, आकाश कुमार नगर निगम के सहयोगी सहित, व्यायाम शिक्षक चमन सिंह ,रवि ,नगर समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता, शगुन ,विष्णु गुप्ता, विजय यादव ,आकाश मनीष आर्य, अमन, अनुज पाल,सुंदर राजपूत, अन्नू थापा, नंदनी आदि उपस्थित रहे।



# निवर्तमान सभापति विष्णु सैनी का मनाया जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)**

चौमूं नगरपरिषद के निवर्तमान सभापति विष्णु सैनी का सैनी समाज चौमूं के प्रबुद्धजनों ने माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर, मिठाई खिलाकर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, माली समाज भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष सुरेश तॅवर, महामंत्री डॉ. मान प्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंगोदिया महार कलां, प्रदेश महामंत्री माली महासभा राज. एवं माली समाज पूर्व अध्यक्ष घीसालाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, प्रदेश महामंत्री गैंदीलाल महारकला, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी, उद्योगपति (आर चंद्रा) जयकिशन फड्या, कोषाध्यक्ष छीतरमल बबेरवाल, उपाध्यक्ष गणेश नारायण बैंदाडिया , मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष अमित सैनी, कजोड़मल सैनी इटावा, मनोज सैनी, एडवोकेट प्रवीण सैनी, सहमंत्री सतीश सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश राई, हरिनारायण बागड़ी, कैलाश चांदोलिया, रामबाबू मोरीजा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

**बजट पूर्व संवाद** | **राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से बजट पूर्व संवाद**

# राजीविका महिलाएं विकास की मुख्यधारा में जुड़कर हो रही सशक्त:भजनलाल शर्मा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लिख रहा महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। राजस्थान में भी राजीविका के माध्यम से महिलाएं प्रदेश के विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राजीविका की प्रत्येक बहन पारिवारिक आय बढ़ाने में योगदान दे रही है और पूरे परिवार को आत्मनिर्भर बना रही है। शर्मा शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती और शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की जाती है। ये तीनों ही रूप हमारी माता-बहनों में समाहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आवास से लेकर रसोई गैस सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ महिलाओं को प्रदान कर रही है।




## आजीविका संवर्धन के लिए 2 हजार करोड़ रुपये



शर्मा ने कहा कि राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन हेतु प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन और गैर-कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साढ़े 3 हजार से अधिक उत्पादक समूहों का गठन किया गया है। इनके माध्यम से लगभग 3 लाख परिवारों को कृषि एवं पशुपालन गतिविधियों में जोड़ा गया है। किसान परिवार की महिलाएं पशुपालन भी करती हैं। इसलिए हमारी सरकार पशुपालकों को दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दे रही है।

## एक लाख पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी है। 1 लाख 44 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 12 जनवरी को युवा दिवस पर इस वर्ष में 1 लाख पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया है। इनमें मातृशक्ति को भी रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवा नीति जारी की है। महिलाएं स्वरोजगार के लिए इसका लाभ उठाएं।

### बजट के लिए महिलाओं के सुझाव महत्वपूर्ण

शर्मा ने कहा कि राजीविका की महिलाओं ने बैंक, बाजार और सरकारी योजनाओं से जुड़कर वित्तीय आत्मनिर्भरता पाई है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पाद बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घर का बजट तो तय करती ही हैं, राजस्थान के बजट में भी वे अमूल्य सुझाव दें। राजीविका महिलाएं स्वयं सहायता समूहों को और मजबूत बनाने, आजीविका के नए अवसर पैदा करने, उत्पादों की बिक्री बढ़ाने, प्रशिक्षण और कौशल विकास से संबंधित राय दें।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, स्टेट मिशन निदेशक स्वयं सहायता समूह नेहा गिरि सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में राजीविका महिलाएं उपस्थित रहीं।




## जॉब्स

1. आरएसएमएसएसबी, पद वनपाल, पद संख्या 259, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026
2. आरएसएमएसएसबी, पद महिला सुपरवाइजर, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026
3. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद मिनिस्टीरियल एंड आइसोलेटेड कैटिगरी, पद संख्या 311, अंतिम तिथि 29 जनवरी 2026
4. आरएसएमएसएसबी, पद लिपिक ग्रेड सेकंड/ कनिष्ठ सहायक, पद संख्या 10644, अंतिम तिथि 13 फरवरी 2026
5. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल, पद संख्या 32689, अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026
6. आरएसएमएसएसबी, पद एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पद संख्या 1100, अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026
7. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद ऑफिस अटेंडेंट, पद 572, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026
8. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 20 फरवरी 2026

राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

उत्तिष्ठत
जाग्रत
प्राप्य
वरान्निबोधत।



12 जनवरी, 1863 - 4 जुलाई, 1902

उठो, जागो और
तब तक रुको नहीं,
जब तक लक्ष्य
प्राप्त न हो जाए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी, 2026

## स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती पर सादर नमन

## दो साल में युवा उम्मीदों को मिले बेहतर अवसर

### नियुक्ति / भर्ती
1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां
**1.43 लाख** नई सरकारी भर्तियां
निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक नियुक्तियां

### पारदर्शी भर्ती परीक्षा
**एसआईटी गठित**
डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री सम्बन्धी
अन्य अनियमितताओं पर रोक

### स्कूटी एवं साइकिल / टैबलेट वितरण
छात्राओं को **39,586 स्कूटियाँ** एवं
**10.51 लाख साइकिलें**
मेधावी विद्यार्थियों को **88,724 टैबलेट**

### स्टार्टअप्स को संबल
**65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट** स्थापित
658 स्टार्टअप्स को **₹22.48 करोड़** की सहायता

### कौशल प्रशिक्षण
3.37 लाख युवाओं को **कौशल प्रशिक्षण**
**434 रोजगार शिविरों** में 1.20 लाख युवा लाभान्वित

### मुख्यमंत्री युवा संबल योजना
4.13 लाख युवाओं को **₹1,155 करोड़**
1.91 लाख **युवाओं को इंटर्नशिप**

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025
जिलों में 17 नवीन **खेलो इण्डिया**
**केन्द्रों की स्थापना**

### कृषि शोध एवं अध्ययन
58,397 **छात्राओं को ₹103 करोड़**
की प्रोत्साहन राशि

### खिलाड़ियों का सम्मान
1,754 खिलाड़ियों को
**₹39.57 करोड़** की सहायता

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सौगात

- 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना - 2026
- नवीन युवा नीति - 2026
- रोजगार नीति - 2026

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**
पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।
- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# गिरता रुपया और तेज जीडीपी

1947 में आजादी के बाद से, भारतीय रुपए की अमरीकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमजोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपए और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर हो गया। रुपए की कमजोरी की रफ्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947-1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4 फीसदी वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8 फीसदी तक धीमा हो गया। 1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5 प्रतिशत की थोड़ी ज्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज्यादा 10.9 फीसदी सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाजार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपए की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0 प्रतिशत, 2004-2014 में हर साल 2.9 फीसदी और 2014-2024 तक हर साल 3.3 प्रतिशत। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया।हालांकि, पिछले एक साल में रुपए में 4.7 प्रतिशत की ज्यादा तेजी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। लेकिन वर्तमान समय में यह धारणा गलत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है, और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है।


राम गोपाल सैनी

# गौ ग्रास अभियानः पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की पहल ला रही रंग

**जयपुर (हमारा वतन)**

गोविंदगढ़ कस्बे के एनएच 52 स्थित शिव चारा डिपो पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा गौ ग्रास अभियान के तहत भामाशाहों द्वारा दानपुण्य के क्रम में क्षेत्र की अलग-अलग गोशालाओं में गायों के लिए चारे की गाड़ियों को रवानगी दी गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा की बेजुबान जीवों के लिए दान-पुण्य करने से कोई कमी नहीं आती। ईश्वर भामाशाहों को किसी न किसी रूप में फल जरूर देता है। गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने बताया कि दानपुण्य के इस क्रम में सिगोंद स्थित ओंकारेश्वर गौशाला के लिए 2 ट्रक व स्याऊ स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के लिए 1 ट्राला व 8 पिकअप भेजी गई ।




इस दौरान भामाशाह भूराराम, जमनलाल, अर्जुनलाल, रामकुमार बिछ्वालिया, महावीर, विष्णुकुमार शर्मा, नरसाराम जाजडोलिया, श्री राम मित्र मंडल हरमाड़ा घाटी जयपुर से दयालसिंह, लालचन्द खातोदिया, सुरेश अग्रवाल, दीपक बोहरा, भवानीसिंह सहित कई भामाशाहों का माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर गोविंदगढ थानाधिकारी विनोद सांखला, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, भगवान सहाय यादव, लोकेश, तुलसीराम डेनवाल, उमेश कुमावत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विजय कुमावत,कपिल कुमावत, जगदीश धीजपुरिया सहित मौजूद लोगों ने भामाशाहों का इस नेक कार्य में सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया ।

# डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)**

अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने जयपुर निवासी और सर्व समाज जाग्रति संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय प्रवक्ता पद पर नियुक्ति दी है।

शर्मा को केंद्रीय कार्यालय समन्वय नियमन नरसिंह घाट रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश से मनोनयन पत्र मकर संक्रांति के शुभ दिन पर जारी करके जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गौरतलब है कि डॉ. शर्मा पिछले 2 साल से प्रत्येक महीने की 25 तारीख को किसी शहर या गांव में सैकड़ो तुलसी के पौधे महिलाओं में बांटकर यह संदेश देते हैं कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाओ। वहीं गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए निरंतर प्रधानमंत्री को पत्राचार कर रहे हैं। राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए जन जागरण अभियान चला रखा है। सनातन धर्म की अलख जगाने में लगे हुए हैं। इस नियुक्ति का सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है।




नियुक्ति पर सर्व समाज जाग्रति संघ के जिलाध्यक्ष आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा,अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत, पूर्व प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, बनवारी लाल भात्रा, कैलाश तिवारी, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, शिक्षाविद अजय शर्मा, राम मनोहर शर्मा, राम बिहारी वशिष्ठ, जयप्रकाश, अमित तिवारी, एडवोकेट मनु वत्सल, एडवोकेट अजय शर्मा, प्रभु दयाल गैसका, गोपाल गैसका, जनार्दन भात्रा, कैलाश सैनी,विष्णु दत्त शर्मा, आदित्य मिश्रा, सीमा शर्मा, मधु शर्मा, उर्मिला शर्मा, सुमन शर्मा, आशा शर्मा, शीला जांगिड़, ललित अग्रवाल ने बधाईयाँ दी है।

# डॉ. परीक्षित सिंह का एक संवाद कार्यक्रम 21 जनवरी को

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रोग्रेसिव राईटर्स क्लब एसोसिएशन द्वारा 21 जनवरी 2026 को 'एक संवाद' कार्यक्रम पिंक सिटी जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' ने बताया कि 21 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे अजमेर रोड, डीसीएम जयपुर स्थित होटल रीगल में लब्धप्रतिष्ठित दार्शनिक, चिंतक, कवि, अनुवादक और चिकित्सक डॉ. परीक्षित सिंह के साथ 'एक संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com




# सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**चौमूं (हमारा वतन)।** सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान राजस्थान ब्लॉक चौमूं की मीटिंग का आयोजन ब्लाक अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में हुआ। इसमें प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी (रेलवे) व चौथमल सैनी जयपुर जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। मीटिंग में चौमूं ब्लॉक कार्यकारणी गठन किया एवं प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार ने संस्था के बारे में विस्तार से बताया। जिला अध्यक्ष चौथमल ने संस्थान द्वारा किए गए कार्यक्रम एवं भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

मीटिंग में बाबूलाल तंवर,ओम भगत,महेंद्र, शंकरलाल आधोप्या, ग्यारसी लाल, जगदीश कटारिया, ओम बेनाडिया, राजवीर सिंगोदिया, हरभजन तंवर आदि कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।